Patrika (Indore), 7th February 2020, Patrika Plus, Page-15

IIT INDORE FLUXUS...

# युवा कवियों ने बटोरी दाद, प्रासंगिक मुद्दों पर कविताओं ने बांधा समां

पत्रिका PLUS रिपोर्टर




इंदौर ◆ भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर के तीन दिवसीय कार्यक्रम फ्लक्सस 2020 का उद्‌घाटन भारतीय शास्त्रीय संगीत और काव्यांजलि के साथ हुआ। शास्त्रीय संगीत में मशहूर बांसुरी वादक पंडित राहुल कुलकर्णी और तबला वादक हितेंद्र दीक्षित ने प्रस्तुति दी। इसके बाद काव्यांजलि में अरुण जैमिनी और डॉ. विष्णु सक्सेना ने चार चांद लगा दिए।

इसके बाद हुए सेशन में युवा कवियों ने भी अपने गीत और कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। युवा कवियों ने वर्तमान समय में प्रासंगिक कई मुद्दों को छुआ और कविताओं के माध्यम से सकारात्मक संदेश देकर श्रोताओं की दाद बटोरी। इससे पहले संस्थान के कार्यवाहक निदेशक प्रो. नीलेश कुमार जैन ने संबोधित किया और आकाश में जलते दियों को छोड़कर कार्यक्रम को आधिकारिक रूप से प्रारंभ किया गया।